सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर–272202

पत्रांक 1015 / वित्त / सूचना / 2026–27 दिनांक– 14/10/26

सूचना

संबंधित शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु द्वारा सत्र 2023–24 के पी–एच.डी. पाठ्यक्रम कार्य (Course Work) हेतु पूर्व में निर्धारित शुल्क संरचना के क्रम में, पाठ्यक्रम कार्य पूर्ण कर चुके शोधार्थियों द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में निर्धारित शुल्क जमा किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में शोधार्थियों की सुविधा तथा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्पष्टता सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित निर्देश हैं–

1. सेमेस्टर शुल्क जमा करना–

पी–एच.डी. पाठ्यक्रम कार्य पूर्ण कर चुके समस्त शोधार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सेमेस्टर पंजीकरण शुल्क, विकास शुल्क, पुस्तकालय शुल्क एवं अन्य देय शुल्क, लागू शुल्क संरचना के अनुसार, प्रत्येक सेमेस्टर के जनवरी/ जुलाई माह में जमा किया जाना होगा।

शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। शुल्क के भुगतान हेतु विशविद्यालय की वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

2. शुल्क की दर–

सत्र 2023–24 हेतु पूर्व में जारी शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क देय होगा(निर्धारित शुल्क संरचना संलग्न)। शोधार्थी शुल्क जमा करने से पूर्व संबंधित विभागाध्यक्ष/ शोध प्रकोष्ठ से देय शुल्क की पुष्टि कर लें।

3. अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों के संबंध में–

अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों के लिए निर्धारित शुल्क संरचना के अनुसार सेमेस्टर पंजीकरण शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं अनुमोदित भुगतान माध्यम से भारतीय मुद्रा में जमा किया जाएगा।

4. सेमेस्टर शुल्क में छूट–

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन (Persons with Benchmark Disabilities) श्रेणी के शोधार्थियों को देय सेमेस्टर शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

इसी प्रकार, Nepal & Bhutan के सदस्य देशों के अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों को भी देय सेमेस्टर शुल्क में 40 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी, बशर्ते कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों के प्रवेश एवं अन्य पात्रता संबंधी नियमों को पूरा करते हों।

5. शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि–

उक्त शुल्क प्रत्येक सेमेस्टर के जनवरी/ जुलाई माह की अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात शुल्क जमा करने के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रचलित नियम/निर्देश लागू होंगे।

6. शुल्क जमा रसीद का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य–

शुल्क ऑनलाइन जमा करने के पश्चात प्राप्त शुल्क रसीद/Payment Receipt की एक प्रति शोधार्थी द्वारा सुरक्षित रखी जाएगी तथा उसकी प्रतिलिपि प्रत्येक सेमेस्टर में संबंधित विभाग में अनिवार्य रूप से जमा की जाएगी। विभागाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में शोधार्थी की छमाही प्रगति आख्या शोध समिति की संस्तुति सहित शुल्क रसीद की एक प्रति के साथ शोध अनुभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

शोध अनुभाग प्रत्येक सेमस्टर में शोधार्थियों की शुल्क सम्बंधित जानकारी संकलित कर (फरवरी/सितम्बर माह तक) वित्त विभाग को अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगे।

7. शुल्क भुगतान में सावधानी–

शोधार्थी शुल्क जमा करते समय यह सुनिश्चित करें कि भुगतान सही शुल्क मद/Account Head एवं विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत ऑनलाइन माध्यम से ही किया गया है। गलत Account Head अथवा अनधिकृत माध्यम से जमा की गई राशि के संबंध में किसी भी कठिनाई के लिए संबंधित शोधार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

8. शोधार्थियों के लिए विशेष निर्देश–

समस्त शोधार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रत्येक सेमेस्टर में–

1. निर्धारित शुल्क समय से जमा करें।
2. शुल्क की मूल/ऑनलाइन रसीद सुरक्षित रखें।
3. रसीद की एक प्रति संबंधित विभाग में जमा करें।
4. रसीद की एक प्रति शोध प्रकोष्ठ में जमा करें तथा
5. शुल्क भुगतान का प्रमाण अपनी छमाही प्रगति आख्या (Monthly Progress Report) के साथ प्रस्तुत करें।

उक्त व्यवस्था का उद्देश्य शोधार्थियों के शुल्क भुगतान, सेमेस्टर पंजीकरण तथा शोध प्रगति संबंधी अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखना है।

अतः समस्त संबंधित शोधार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

वित्त अधिकारी,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी शोध प्रकोष्ठ,सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
2. समस्त विभागध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
3. कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
4. मा0 कुलपति महोदया को सादर अवलोकनार्थ।

वित्त अधिकारी,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।
O/C

Scanned with OKEN Scanner

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर–272202

पत्रांक 1816/वित्त/सूचना/2026–27 दिनांक– 14/10/26

सूचना

पी–एच.डी. कार्यक्रम में पंजीकृत समस्त शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क संरचना के अनुसार जुलाई–दिसम्बर 2025 समेस्टर, जनवरी–जून 2026 समेस्टर, जुलाई–दिसम्बर 2026 समेस्टर, की शुल्क जिनके द्वारा जमा नहीं किया गया वह 31 अक्टूबर, 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

शोधार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित लागू Semester Registration Fee, Development Fee, Library Fee तथा अन्य देय शुल्क का भुगतान निर्धारित शुल्क संरचना के अनुसार करेंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन (Persons with Benchmark Disabilitie) श्रेणी के पात्र शोधार्थियों को देय सेमेस्टर शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। जिससे सम्बंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

नेपाल एवं भूटान देशों के पात्र अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों को भी देय सेमेस्टर शुल्क में 40 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी, बशर्ते कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों के प्रवेश एवं अन्य पात्रता संबंधी नियमों को पूरा करते हों।

शुल्क भुगतान एवं रसीद–

1. शुल्क का भुगतान केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निर्धारित अधिकृत ऑनलाइन माध्यम/Payment Gateway से किया जाएगा।
2. भुगतान के पश्चात शुल्क रसीद की प्रति संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. शुल्क रसीद की प्रति Monthly Progress Report के साथ भी संलग्न की जाएगी।
4. अंतिम तिथि– 31, अक्टूबर 2026

सभी संबंधित शोधार्थी निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क भुगतान सुनिश्चित करें।

Details of Fees-

Sr. No.	Detailsof Fees	Full-Time Candidates	Part-Time Candidates	International Candidates
1.	AdmissionFee	₹500/-(Onetime)	₹500/-(Onetime)	₹500/-(Onetime)
2.	Security Deposit	₹1,000/-(One time)	₹1,000/-(One time)	₹1,000/-(One time)
3.	Identity CardFee	₹100/-(Onetime)	₹100/-(Onetime)	₹100/-(Onetime)
4.	Semester Registration Fee	₹1,500/-per semester	₹3,000/- per semester	₹50,000/-annually or equivalent
5.	Development Fee	₹800/-per semester	₹800/- per semester	₹800/- per semester
6.	Library Fee	₹200/-per semester	₹200/- per semester	₹200/- per semester
7.	Ph.D.Course Work Fee	₹20,000/-	₹20,000/-	₹20,000/-
8.	Examination Fee	₹1,000/-	₹1,000/-	₹1,000/-
9.	Hostel Fee	As notified by the University	As notified by the University	As notified by the University
10.	Mess Fee	As notified by the University	As notified by the University	As notified by the University

A relaxation of 50% shall be provided to candidates belonging to the SC/ST/Physically Disabled (having more than 40% disability) Category.

Other conditions in the original notice state that:

Scanned with OKEN Scanner

- Course work fee is payable once at admission.
- If a scholar fails to qualify the coursework, re-registration fee of ₹1,500/- per paper along with examination fee of ₹1,000/- is applicable.
- Fees once paid are non-refundable except the security deposit, subject to the conditions specified.
- Fee may be revised as per State Government directions.
- Fee shall be paid through online mode only.

Semester Fees Matrix for Ph.D.Students

Sr. No.	Detailsof Fees	Full-Time Candidates	Part-Time Candidates	International Candidates
1.	**Semester Registration Fee**	₹1,500/-per semester	₹3,000/-per semester	₹50,000/-annually or equivalent
2.	**Development Fee**	₹800/-per semester	₹800/-per semester	₹800/-per semester
3.	**LibraryFee**	₹200/-per semester	₹200/-per semester	₹200/-per semester

SemesterFees:

CategoryofStudents	Full-Time	Part-Time
Regular Students	₹2,500/-per semester	₹4,000/-per semester
SC/ST/ Students with more than 40% disability	₹1,750/-per semester	₹2,500/-per semester
International Students	INR52,000/-annually or equivalent	
International Students from Bhutan and Nepal	INR32,000/-annually or equivalent	

वित्त अधिकारी,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर

पत्रांक एवं दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी शोध प्रकोष्ठ,सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
2. समस्त विभागध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
3. कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।
4. मा0 कुलपति महोदया को सादर अवलोकनार्थ।

वित्त अधिकारी,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

OIC

Scanned with OKEN Scanner